एक विचारशील मनुष्य की छलनी

धन्यवाद भाई मान। आपको देखा एक भाई को लाये है। प्रभु आपको अशीष दे। "सब बातें संभव है केवल विश्वास करें।" आईये हम प्रार्थना करें।

ओह परमेश्वर, सच में यही जो आज रात्रि हमारी ह्रदय की इच्छा थी कि केवल विश्वास करे। जैसे कि हम आज रात्रि आराधनालय में एकत्र हुए है, सूर्य पश्चिम में अस्त हो रहा है, प्रिय परमेश्वर, हम प्रार्थना करते है कि आप हमे यह अनुभव करने देगे कि यह कितना समीप है कि सूर्य जो समय का भी है डूब रहा है; ये भाग रहा है। दिन बहुत बीत चुका है। और हमें स्मरण है एक बार जब दिन बहुत डल गया था, दो यात्रियों के मध्य में आप आ गए और उनके संग टिके। और आपने अपना वचन उन पर स्पष्ट करने के द्वारा स्वयं को उन पर प्रगट किया और उन्हें देखने दिया कि मसीह को कैसा दु:ख उठाना था, पहले ये सारी बातें।

2 इसलिए परमेश्वर हम प्रार्थना करते हैं, जैसा कि दिन बहुत ढल गया है, कि आप हमारे घरों में आएंगे और हमारे साथ रहेंगे, और वचन की व्याख्या हमें देंगे प्रभु कि हम इसे आपसे पाए हुए धन के समान अनुग्रह में पकड़े रहेंगे, अपने ह्रदय में वरदान के समान। हम कभी भी इसका उल्लगन ना करें हम इसमें पूर्ण ह्रदयो से श्रद्धा रखें।

3 हम आपका धन्यवाद करते जो आपने आज प्रातः वे जो अस्पताल में उनके साथ किया, और जो अपने भाई कैप्स के छोटे लड़के के साथ जो लगभग मरा हुआ था, किया और आज रात्रि वह यहां भक्त मंडली में है। पिता हम इन सब बातों के लिए आपका कैसे धन्यवाद दें!

4 प्रभु प्रदान करें कि हम जान सके कि हमें आपको महिमा कैसे देनी चाहिए। हम बस... यह हमारी समझ से परे है कि जाने कि हमें कैसे आपको महिमा देनी चाहिए। परन्तु, प्रभु, हमारे ह्रदयो को धन्यवाद के चिन्ह समान स्वीकार करें, कि हम आपसे प्रेम करते हैं। और जब हम—हम वह करना चाहते हैं जो सही है जो हमें करने के लिए दिखाएं। हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

आप बैठ सकते हैं।

5 शुभ संध्या इस महान भरे आराधनालय को आज रात्रि और बाहर दूर राज्यों में जो संचार व्यवस्था पर है। वे कहते हैं कि उन्होंने आज रात्री फिर से संबंध जोड़ा है।

मैं आशा करता हूं मेरी पत्नी सुन रही है। मैंने उसे टेलीफोन नहीं किया, इसलिए सभा के पश्चात मैं फोन करने वाला हूं।

6 और हमारे पास एक लिखी टिप्पणी है इस प्रात: भाई जैक्सन के भाई... या पिता एक ऐसी स्थिति में है, कि ऐसी स्थिति सुधरी कि वह कल घर वापस आ सकते हैं।

7 भाई कैप का छोटा लड़का, जिसने उस रात्रि मुझे बुलाया, मैं नहीं जानता कि भाई कैप यहां मंडली में है या नहीं, परन्तु, और उसका छोटा लड़का बहुत बीमार था।

और यह हुआ कि जोसफ और मैं वहां पर थे वो—वो शिकार करने को अपनी .22 की राईफल तैयार। मैंने पिछले सप्ताह आपको सब बताया। और वह वास्तव में अच्छा निशानेबाज होने वाला है। और इसलिए वह निश्चित होना चाहता था और गैरी और लेरी को बताना चाहता था कि उसने क्या किया। उसने वापस आते पर मुझे बताया... मैंने कहा, "आपको रुक जाना चाहिए और—और भाई जीन नोरमन को इस विषय में बताएं।"

उसने कहा, "रुको और पहले बिली को बताओ, " उसके भाई को।

उसको दिखाने के बाद कि उसने कितना अच्छा निशाना लगाया, उसने कहा, "अब मेरे पैर पर से हट जाओ।" समझे?

8 और जैसे ही हम वहां पहुंचे, क्यों टेलीफोन कि घंटी बजी और बिली पूछने के लिए अंदर दौड़ा... मैंने कहा, "हो सकता है किसी बीमार ने मुझे बुलाया हो।" और हम भीतर गए, और ये भाई कैप्स थे। और छोटे लड़के को अदर रोग था, और जीवित रहने की आकांक्षा बहुत कम थी। और प्रभु ने उसे चंगा कर दिया। और उस रात्रि कहा कि वह किसी प्रकार के दर्द से पीढित है, श्रीमती वुड मुझे बता रही थी। और हम जल्दी में निकल रहे थे, और मैंने बस... मैंने कहा, "श्रीमती, वुड, ये बहुत ढेर हो गई है, 10 बजे है, मुझे संदेह था कि मैं मुझे अस्पताल में अंदर बाहर आने जाने नहीं देंगे।" मैंने कहा, "मैं घर जा रहा हूं और दरवाजा बंद कर लिया।" और मैंने जाकर प्रार्थना की। और वे कहते हैं कि छोटा लड़का आज रात्री सभा में है। हम इसके लिए इसलिए बहुत धन्यवादित है। और हम आभारी हैं।

9 और हम थामे हुए हैं; हमने अभी तक नहीं सुना। यदि भाई लियो मर्सीयर और बहन मर्सीयर यहां सुन रहे हैं, हमने अभी तक आपके पिता से नहीं सुना है। अब हम आशा करते हैं कि थोड़ी देर सुनेगे, वह कैसा चल रहा है। परन्तु मैं लगभग निश्चित हूं कि वह ठीक होगा, इसलिए हम सर्वशक्तिमान परमेश्वर पर विश्वास करते हैं। कि परमेश्वर उस प्रिय कि चिंता करेगा, बुढा संत मनुष्य, सुसमाचार का अनुभवी सेवक।

10 अब, ओह, बहुत सी बातें हैं जिन्हें करने कि आवश्यकता है, और करने के लिए समय थोड़ा है, इसलिए अपनी सारी सामर्थ इसमें झोक दे वह जो हम प्रभु के लिए कर सकते हैं।

11 मैं थोड़ा सा जल्दी आ गया। और मैं—मैं कुछ अधिक अच्छा अनुभव नहीं कर रहा था। मैं थक गया, और दोपहर मैं लेट गया। नहीं... और मैंने अभी तक खाना नहीं खाया था। इसलिए मैं—मैं अंदर गया, और दोपहर में लेट गया। मुझे अच्छा नहीं लग रहा था, इसलिए लेट गया। फिर प्रार्थना के लिए उठा, अच्छा अनुभव हुआ। और उठा, कपड़े पहने, और आराधनालय में आ गया।

12 इसलिए अब हम—हम प्रभु यीशु पर विश्वास कर रहे हैं कि वह हमारी कोशिशों पर एक साथ आशीष देगा। जैसा कि समस्त राष्ट्र में हम मसीह की देह के इस भाग में जुड़ने का यत्न कर रहे हैं, जिसके लिए मुझे उसकी इन भेड़ों के लिए खाना खिलाने का अधिकार दिया गया है। और मैं अपने पूर्ण यत्न से अच्छा करूंगा, सही भोजन देने के द्वारा जो कि भेड़ों के लिए मैं जानता हूं।

और मैं उतावली से उस समय की प्रतीक्षा कर रहा हूं जहां हम सब एक स्थान में जमा हो सकते हैं। और उन सात विपत्तियों पर प्रचार करूं और सात कटोरे, और तुरहियाँ और आदि–आदि ये सब एक झुंड में घटित हुई है। यही कारण है कि हम लगभग एक सप्ताह दस दिन या अधिक कि एक ही सभा से हो कर ले, यदि हम कर सके। सोचिए यह बहुत पर्याप्त है।

13 अब आप में से बहुत से लंबी यात्रा कर रहे हैं। मैंने यहां देखा और मैंने ध्यान दिया, थोड़ी देर पहले ट्यूसान के लोग। श्रीमती सोथमन, मैं बहुत देखता हूं भाई फ्रेंड ठीक से पहुंच गए हैं। इस प्रातः मैंने उन्हें मंडली में देखा। और वहां मैं सोचता हूं कि भाई डॉन रोड एल वहां बैठे हैं, आज रात्रि उसके पास वहां पीछे। भाई डॉन को देख कर प्रसन्नता हुई है। और जूनियर, क्या

जूनियर यहां है या वहां आराधनालय में है? आज रात्री संचार व्यवस्था पर है, याने टेलीफोन पर।

इसलिए, आप अब सब भाइयों हम बहुत आनंदित है कि आज रात्रि आप हमारे साथ हैं, और प्रभु में विश्वास करते है कि किसी दिन हम जब जीवन के दिन समाप्त हो जाए। और हमारे मरणहार जीवन की छोटी ज्योति धीमी होने लगेगी और जा रही हो, हमें कोई भय ना होगा, क्योंकि वहां नीचे वो—वो...

14 मुझे आपके लिए समाचार मिला वहां—वहां... एरीजोना में प्रेस्कॉट। भाई कोग्गिंस को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इसलिए हम बहुत धन्यवादित है, अच्छा है। बहुत अच्छा है। इसलिए हम इसके लिए आभारी है। बहन मर्सियर, आपके पिता अब अच्छे हो रहे हैं। प्रार्थना के बाद, मुझे अनुभव हुआ कि वह चंगे हो जाएंगे। इसलिए संभव है वे हम से टेलीफोन से जुड़े हैं मैं आशा करता हूं; और मैं सोचता हूं कि वे है। इसलिए हम इसके आभारी हैं कि, हमारा भाई अब अच्छा है—है, और अच्छा होने जा रहा है। इसलिए इन सब बातों के लिए हम प्रभू के धन्यवाद देते है।

15 पिछली रात्रि निवेदन था; एक प्रिय भाई यहां मैं समझता हूं, कि वह आज रात्रि नहीं होगा। एक भाई केन्टकी से, मुझे अपनी पुत्री के विषय फोन किया। सुंदर परिवार, वो—वो लड़की की शल्य चिकित्सा होने वाली थी, एक युवा मां उसकी पीठ में कैंसर है। इसलिए हम—हम प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर इस युवा स्त्री को छुड़ाएगा। मैं विश्वास करता हूं कि वह करेगा यदि हम थोड़ा सा...

भक्त मंडली, हम सब एक साथ मिलकर, इन लोगों के लिए प्रार्थना करें, साथ मिलकर। हमें यही करना चाहिए, एक देह के समान। जैसा कि...

16 और जैसे कि दिन पास और पास आते जा रहे हैं, और मार्ग सकरा हो रहा है, हम—हम एक दूसरे के समीप आ रहे हैं। हमें एक ही होना चाहिए, एक देह। हमे एक साथ बढ़ना चाहिए एक दूसरे के पापों को भूलते हुए, और समीप–समीप जैसा कि हम दिन को समीप आते देखते हैं। हमें एक ही घोषणा और ह्रदय के साथ एकत्र हो। और यदि भाई बहन किसी प्रकार से मार्ग से भटक रहे हो, कुछ ना करें, केवल प्रार्थना करें उस व्यक्ति के लिए, और सदा प्रेम में, एक दूसरे के लिए विचार करें। आप में से कोई

भी ना—ना कभी भटके। एक साथ रहे। और यदि सके, तो इसमें और मिलाएं, निरंतर सारे समय।

17 भाई नेविल, मुझे आपका निवेदन भाई राइट के विषय में, जॉर्ज राइट जो यहां बैठे हैं। हम आनंदित है भाई राइट और बहन राइट, यहां पर है... छोटी एडिट, मैं... एक दिन जब हम आते हैं, हम एक याद करने कि एक सभा आयोजित करना चाहते हैं।

मैं एडिट के लिए वापस नहीं गया और जब वह गई। परन्तू बहन राइट, आपको याद है जो उसने लगभग एक दो वर्षों पहले देखा था। और तब मैंने आपको बताया, मैंने कहा, "यह छोटी एडिट हमारे साथ अधिक समय नहीं रहेगी," क्योंकि परमेश्वर ने पहले ही बता दिया कि वह जा रही थी, उस स्वप्न के द्वारा जो उसने देखा। और मुझे उसका अनुवाद मिला वह था और कि वह परमेश्वर से मिलने जा रही है। लगभग दो वर्ष बाद, वह परमेश्वर से मिलने चली गई। अब अपने पापा और मामा की प्रतीक्षा कर रही है कि उस विभाजन की रेखा को पार करें, जीवते और मरे हुओ के बीच में।

18 परमेश्वर आपको आशीष दे। मैंने यत्न करना चाहा कि आपको सीधे–सीधे मिलू, यदि संभव हो सके। इसलिए परमेश्वर आपको और शेल्बे को आशीष दे, और प्रत्येक को मैंने सोचा कि शेल्बे को मैंने आज प्रातः देखा है; मैं पक्का नहीं हूं।

आप यहां से बहुत अच्छा नहीं देख सकते छत इस प्रकार से झुकी हुई है, और यह इस एक—एक प्रकार चमक देती है। आप स्थान को देख सकते हैं, परन्तु आप लोगों को भली प्रकार नहीं देख सकते।

19 अब सीधे–सीधे संदेश में। यह संदेश है, जो मैं गिनती 19:9 और इफिसीयो 5:26 से पढ़ना चाहता हूं। और यदि आप लोग जो मूल पाठ का अभिलेख रखना चाहते हैं, और आदि–आदि, क्यों, आप इसे संक्षेप में ले सकते हैं।

20 और अब स्मरण रखें यदि इसे टेप किया जा रहा है... मैं नहीं जानता। मैं किसी को नहीं देख सकता। हां, मैं देख सकता हूं, मैं भाई टेरी को वहां रिकॉर्डिंग के कमरे में—में देख सकता हूं। और यदि इसे पेश किया जा रहा है कोई सेवक, कहीं किसी समय, यह आपको आपकी शिक्षाओं की आलोचना के लिए ले निर्देशित नहीं है यह यहां तक कि आपकी भेड़ो कि ओर भी निर्देशित नहीं है। यह संदेश, और सारे दूसरे संदेश जिन पर मैं

बोलता हूं ये मेरी मंडली की ओर ही संकेत करती है। यह आपकी भक्त मंडली के लिए नहीं जब तक की वे इसे स्वीकार ना करना चाहे। परन्तु ये यहां इन लोगों की ओर निर्देशित है।

21 लोग इन टेपों को खरीदते हैं। समस्त संसार में लोग इन्हें खरीदते और चलाते हैं। बहुत सी बार वे लिखते हैं। और मैं सदा उनका उल्लेख करता हूं, यदि वे किसी कलीसिया के सदस्य है कहते है, "पास्टर से मिले।"

22 अब से, सेवकगण, मैं चाहता हूं, कि, आप जाने कि ये केवल मेरी भक्त मंडली के लिए है ये चीजें बोलता हूं। और मुझे ये करने का अधिकार है, क्योंकि पवित्र आत्मा के द्वारा मैं ठहराया गया हूं कि इन भेड़ो की देखभाल करूं। और हाय मुझ पर यदि मैं उन्हें वह ना बताऊं जो मैं चाहता हूं कि यह सत्य है, और उस मार्ग में से ये आता है। परन्तु ये संसार के लिए नहीं है या बाकी कलीसियाओ के लिए। आप वह करें, जो परमेश्वर आपसे करने को कहता है। मैं आपके लिए उत्तर नहीं दे सकता ना ही आप मेरे लिए उत्तर देंगे। परन्तु हम दोनों को परमेश्वर के सन्मुख उत्तर देना है, अपनी सेवकाई के लिए। इसलिए, यदि मुझे अपनी सेवकाई के लिए उत्तर देना है, मुझे वैसी ही प्रचार करना चाहिए जैसा मैं इसे देखता हूं। जिस प्रकार से ये मुझ पर प्रगट हुआ। इसलिए अब ये मालूम हो जाए।

23 अब गिनती 19:9 हम इस मूल पाठ को पढ़ना चाहते हैं, या बल्कि इस वचन को।

> *फिर कोई शुद्ध पुरुष उस बछिया कि राख बटोर कर, छावनी के बाहर किसी शुद्ध स्थान में रख छोड़े, और वह रख इस्त्राईली की मंडली के लिए...* (अब ध्यान दें) *इस्त्राईलीयो की मंडली के लिए अशुद्धता से छुड़ाने वाले जल के लिए रखी रहे वह तो पाप बली है।*

24 ध्यान दें, हर एक के लिए नहीं, "इस्त्राईलीयो की मंडली के लिए; छुड़ाने वाला जल।"

अब इफिसियों के पांचवें अध्याय में, और 22 वे पद से आरंभ करके।

> *हे पत्नियों, अपने अपने पति के ऐसा अधीन रहो जैसे प्रभु के।*
>
> *क्योंकि पति पत्नी का सिर है जैसे कि मसीह कलीसिया का सिर है, और आप ही देह का उद्धारकर्ता है।*

पर जैसे कलीसिया मसीह के अधीन है वैसे ही पत्नियां भी हर बात में अपने–अपने पति के अधीन रहे।

हे पतियों अपनी–अपनी पत्नियों से प्रेम रखो जैसा मसीह नें भी कलीसिया से प्रेम करके अपने आप को उसके लिए दे दिया;

अब यहां जो मैं कहना चाहता हूं।

कि उसको वचन के द्वारा जल स्नान से शुद्ध करके पवित्र बनाए वचन के द्वारा।

25 अब यहां छोटा सा मूल पाठ आज रात्रि. यदि मैं इसे मूल पाठ कहूं। और मैं विश्वास करता हूं कि लोग यहां और बाहर भी और टेलीफोन संचार पर, इससे असहमत ना होंगे और सोचता कि इसका अर्थ धर्म विरोधी के रूप में है। यद्यपि इस प्रकार का मूल पाठ यहां धर्म विरोधी सा लगेगा। वह विषय जो आज में प्रयोग में लाने जा रहा हूं: *एक विचारशील मनुष्य की छलनी।* यह विषय के लिए उग्र सा सुन पड़ता है, सेवक के लिए जो धूम्रपान का विरोधी है, ऐसा पाठ लेगा, *एक विचारशील मनुष्य की छलनी।* उस प्रातः ऐसा घटित हुआ, जब मैं गिलहरी के शिकार पर गया हुआ था।

26 आप लोग जो वहां—वहां रेडिओ संचार पर है, या टेलीफोन तरंगों पर, इस भक्त मंडली के मुखो के भाव देख सकते जब मैंने अपना मूल पाठ घोषित किया, आप इस पर हंस सकते थे। *एक विचारशील मनुष्य की छलनी।*

27 भाई, यह सब घटित हुआ जहां प्रभु का दूत मुझ पर प्रातः प्रगट हुआ, और वे गिलहरियां बोलने से अस्तित्व में आ गई। आप सब को यह स्मरण है जब ये घटित हुआ था। और, पहाड़ की चोटी पर भी जहां मैं खड़ा था जहां... सात कलीसिया युग के प्रचार करने के थोड़ा पहले, दिन निकलने के पहले एक प्रातः शिकार पर जा रहा था। वहां खड़ा था... मैंने सोचा सूर्य उदय हो रहा है, प्रातः लगभग 4:00 बजे। असाधारण; मैंने एक ज्योति देखी और मैं घूमा, और वहां सोने के सात चिराग दान पहाड़ की चोटी पर खड़े थे, जैसे कि उन नालियों में मेघ धनुष निकल रहा हो और खिला रहा हूं।

28 उसके तुरंत बाद प्रभू यीशु हम पर प्रगट हुए। और फिर मैंने एक आवाज सुनी जिसने कहा, "पुराने नियम का यहोवा नये नियम का यीशु है।" थोड़ी देर पश्चात, वह वहां पर था, उन सोने के सात चिराग दानों के बाद प्रगट हुआ। तब ध्यान दें। कि कितनों को स्मरण है वह मूल पाठ? मैंने इसे सिगरेट

की डिब्बी के—के पीछे लिखा था मेरी जेब में थी। "पुराने नियम का यहोवा नये का यीशु है।" स्वर्ग का परमेश्वर जानता है कि ये सत्य था।

29 थोड़े समय बाद जब मैं वहां से पार हुआ जहां वह गिलहरियो के विषय में प्रगट हुआ।

30 तब जब मैंने अपने मित्र को बुलाया, जैक मूर, कुछ महीनों बाद ये पूछने को; जब मैंने सात कलीसियायी युग प्रचार के लिए आरंभ किए, प्रकाशितवाक्य 1। और वह खड़ा था, सारा सफेद; उसके बाल ऊन के समान थे। वह अभी 33 वर्ष का हो कैसे हो सकता था, और सारा का सारा सफेद? और भाई मूर, बहुत ही सभ्य मसीही सज्जन पुरुष, और एक ज्ञानी जिनको मैं जानता हूं उनमें सबसे अच्छा; और उसने कहा, "भाई ब्रन्हम थे यीशु था और अपनी महिमा युक्त स्थिति में। वह अब ऐसा ही दिखता है।" परन्तू ये मेरे गले नहीं उतरा। और मैं एक दिन तक प्रार्थना करता रहा...

31 इसके पहले मैं सात कलीसियायी काल आरंभ करूं, मैं पहले को ही सीधा नहीं समझ पाया। कैसे हो सकता था, कि एक 33 वर्षीय मनुष्य उसी देह में जी उठा कि चेलो ने उसे पहचाना, कि ये वही है जाना; और ये कैसे हो सकता था कि वह अस्सी या नब्बे वर्ष का हो, उसके मुख पर बड़े सफेद उनके साथ, और उसकी दाढ़ी ऐसी सफेद जैसी बर्फ?

32 मैंने पुस्तक में पढ़ा था... डेनियल, की जहां वह आता है "प्राचीन दिनों का, जिसके बाल ऊनके समान श्वेत थे।" तब मैंने प्राचीन दिनों को देखा। वह प्राचीन दिनों का था कल, आज और सर्वदा एकसा। देखिये, तब वह एक चिन्ह था।

क्यों सफेद ऊन? और तब मैं... लगा कि पवित्र आत्मा मुझसे उस चित्र के विषय में बोला, जो मैंने एक बार देखा था, उस पुराने जज का। तब मैं इतिहास में गया; मैं बाईबल के इतिहास में गया, और सब को ढूढा। और पुराने जज, इस्राएल के महायाजकों के समान, उसे सफेद, सफेद ऊन के समान बाल और दाढ़ी होनी ही थी। क्योंकि उस पर सफेदी यह प्रतीक था कि ये इस्राएल में इस सबसे बड़ा अधिकार है।

और आज भी और पिछले सैकड़ों वर्षो में, संभव है कुछ सैकड़ों वर्षो पहले, या उससे पहले ऐसा ना हो। सारे अंग्रेज जज कोई मतलब नहीं वह कितना युवा था या वह कितने आयु के हैं, जब वे न्याय के लिए जाते,

तो वे सफेद बालों की टोपी पहनते; और दर्शाते कि कोई और सामर्थ उस राज्य में नहीं है, उनके शब्दों से ऊपर। उनके वचन राज्य में अंतिम है। क्या कहते हैं, बस वही है।

33 और अब, जब, मैंने यह देखा। कि वह वहां खड़ा है, जब कि एक युवा पुरुष, परन्तु सफेद बालों की टोपी पहने है। वह पूरी रीती से, सर्वोपरि अधिकारी है। वह वचन है। और उसके पास, यह सफेद टोपी पहने है।

34 तब बाद में जब इसे देखते हैं, और वो—वो उपदेश, और पश्चिम में गये, और जब प्रभु के दूत वहां प्रगट हुए सात मोहरों के लिए, और यह वहां ऊपर हवा में चले गए (जिसका यहां हमारे पास चित्र है, और राष्ट्र में सब जगह), वहां पर वह खड़ा हुआ है, अब भी सफेद टोपी के साथ उस सबसे बड़े अधिकार के साथ। वह कलीसिया का सिर है। वह देह का सिर है। उसके समान कोई नहीं। "वह स्वयं चीजों को बनाता है। वह सब चीजों को अपने लिए बनाता है, और उसके बिना कुछ नहीं बना था।" "उसके पास स्वर्ग और पृथ्वी का सारा अधिकार है," और हर सब कुछ उसी का है। "और उसमें परमेश्वरत्व की परिपूर्णता संदेह वास करती है।" "और वचन परमेश्वर था, और हमारे मध्य में देहधारी हुआ।" और यही है जिसने उद्धार की संपूर्ण योजना का भेद प्रगट किया। जिसके विषय में सारे भविष्यवक्ता और बुद्धिमानो ने बोला है। केवल यही वह सफेद टोपी वाला है और सबसे बड़ा अधिकारी।

35 अब, मैं पहाड़ पर रुका रुक गया था, चोटी पर उस प्रातः, ऐसा लगा कि वहां कुछ गिलहरियां काट रही थी। और मैं नीचे बैठने लगा। और मैं वहां क्षणभर के लिये, जहां झाड़ियां मुझे छू रही थी। कोई भारी व्यक्ति दुनाली के साथ वहां झाड़ियों में से आ रहा था, और जैसे कि दिन में मुझे डरा दिया। मैं चला गया, जल्दी–जल्दी भागा मैं भागते हुए डर रहा था डर रहा था कि वह मुझे गोली मार देगा। और झाड़ियां हिल रही थी। इसलिए मैं बिल्कुल शांत होकर बैठ गया।

36 एक गिलहरी ऊपर चोटी पर से आरंभ हो गई, और उसने दोनों नलियों में बारूद भर लिया। और वह चूक गया, और इसलिए गिलहरी पहाड़ से नीचे को चली गई। मैंने सोचा, "अब मैं अलग हो सकता जाता हूं सारा शोर गूंज रहा था। उसकी बंदूक खाली हो गई थी।"

और मैं पहाड़ से नीचे उतरने लगा और उसने मेरे सामने से गोली चलाई। उसने मुझे *इस* ओर घुमा दिया। और मैं यहां दूसरे रास्ते से नीचे उतरने लगा, और .22 की बंदूक आरंभ हो गई, और गोलियां मेरे ऊपर से निकल रही थी। मैंने कहा, "कहिये, कि मैं अजीब स्थिति में था।"

37 इसलिए मैं घूमा और नदी की ओर उतरने लगा। और मैंने सोचा, "मैं नीचे जा कर छिप जाऊंगा तब तक ये समाप्त ना कर ले, ताकि मैं निकल सकूं।" और नीचे जाते हुए ऐसा हुआ... मेरा ध्यान मेरी दहिनी ओर गया। और जैसे ध्यान हुआ, तो वहां सिगरेट की एक खाली डिब्बी पड़ी थी जिसे उन्हीं में से किसी ने फैंका था, इस सारी दौड़ में... जब गिलहरियां झाड़ियों में से निकल रही थी।

38 और मैंने इस डिब्बी को उठाया, और देख रहा था... उठाया नहीं; मुझे क्षमा करें। मैंने उसे नीचे ही देखा। मैंने उठाया नहीं, क्योंकि आरम्भ से ही मुझे इसकी गंध नहीं आती। और मैंने नीचे देखा, और कोई—कोई विशेष तंबाकू की कंपनी मैं सोचता हूं उसका नाम नहीं लेना चाहिए परन्तु आप जान जाएंगे। उस पर लिखा था, "एक विचारशील मनुष्य की छलनी और सिगरेट पीने वाले मनुष्य का स्वाद।"

मैंने उस चीज को देखा, और मैंने सोचा, "विचार करने वाले मनुष्य की छलनी? " सोचा, "यदि मनुष्य ये सब सोच सके, तो वह सिगरेट कभी नहीं पीयेंगे। यह कैसे हो सकता है 'विचार शील मनुष्य की छलनी'? विचारशील मनुष्य कभी नहीं पीयेगा।" ठीक है।

39 अब मैंने सोचा, "कितना धोखे से भरा है!" अब, ये तंबाकू की कंपनी अमेरिकन है। और ओह, यदि हम अपनी नीतियों के अनुसार जीए हम एक दूसरे की सहायता के लिए कार्य कर रहे होंगे, यदि हम में एक दूसरे के लिए भावना है। और कितना ढोंग भरा है ये! कारण मैंने कभी भी कंपनी का नाम नहीं लिया, मुझे उनके लिए कुछ बुरी चीजें कहनी है। और कोई कितना ढोंगी हो सकता है, कि पैसे बनाएं?

40 एक विचारशील पुरुष कभी सिगरेट नहीं पीएगा। परन्तु अमेरिकन लोग इसके लिए कैसे गिरते हैं; वे सोचते हैं यह बहुत शानदार है!

41 अब देखें आप नहीं कर सकते, आप नहीं कर सकते... किसी से पूछे... बिना टार के आप सिगरेट नहीं पी सकते। यदि थोड़ा सा भी धुआ आता है तो वह टार के द्वारा आता है। और यदि आप कोई धूंआ नहीं लेते, तो

आप कोई टार नहीं लेते, और आप कोई चीज नहीं लेते। आप केवल ठोस लकड़ी से ले रहे हैं। परन्तु जब तक आप कोई धुआ लेते हैं, आप कैंसर की निकोटिन ले रहे हैं।

42 यदि आप पिछले वर्ष मेरे साथ थे, या उससे पहले, मैं विश्वास करता हूं कि यह विश्व मेला था, जब युल ब्रय्न्नेर और वे सारे वहां प्रदर्शन कर रहे थे, और आप उन्हें देखे कि वे सिगरेट लेते, किसी चीज में रखते, और उसे संगमरमर के टुकड़े पर से गुजारते। और वह डॉक्टर रुई का फोया लेता, और उस पर चलाता और निकोटिन धुआँ लेता, और सफेद चूहे की पीठ पर लगाता, और उसे पिंजरे में डाल देता। और हर सात दिन के बाद उसे निकालता। और वह चूहा कैंसर से मर जाता वह चल नहीं सकता था, उस निकोटिन से जो एक सिगरेट से निकलती है।

43 तब उसने कहा, "आप जानते हैं, वे कहते हैं कि आप इसे छलनी में से होकर ले सकते हैं।" उसने कहा, "आप छलनी ऐसी नहीं ले सकते... जो निकोटीन को छान दे, धुये में से," कहा, "क्योंकि आपको सिगरेट पीनी ही है... धुये के लिए टार लेना है, और ये टार है जो कैंसर देता है।"

44 और तब वहां गया उसे जाल में से होकर खेचा, और कहा, "कि आप सोचते हैं आप इसमें से छान सकते हैं।" कहां, "हर बार, कोई मतलब नहीं आप इसे कहां से खेचते हैं।" कहां, "वे कहते हैं, 'मैं इसे अंदर सांस में नहीं लेता,' तो इसे उनके मुंह में रखें और इसे थूके।" तब उसने इसे लिया और इसे लपेटा, और किसी चीज के भीतर रखा, और दिखाया कि यह अब भी कैंसर है। आप क्या कर रहे हैं? इसे गले में होकर निगल रहे है। समझे? कोई मतलब नहीं आप क्या करते हैं, यह अब भी मृत्यू है। समझे?

45 तब यह सोच कर कि कंपनी लोगों को इतना धोखा देगी, या अपने लोगों को धोखा देने का यत्न करेगी। ये जैसे कि गिद्व अपनों से अलग रहे, अपने तरह के लोगों से। पैसा बनाना, मृत्यू बेचना उस—उस राष्ट्र के युवा लोगों को। और वहां सामने युद्ध के मोर्चे पर जाकर और उनके लिए मरे और फिर पलट कर इस प्रकार की चीजें बेचे, झूठे दिखावे में "एक विचारशील मनुष्य की छलनी, परन्तु सिगरेट पीने वाले मनुष्य का स्वाद।" स्वाद पाने के लिए आपको सिगरेट पीनी ही है। "सिगरेट पीने वाले का स्वाद?"

46 यदपि लोग इसके लिए कैसे गिरते हैं! वे इसे लेते हैं। यह केवल आपको अधिक धोखा देने के लिए है। देखिए, यह शैतान का है। वे आपके जीवन की चिंता नहीं करते। उनके ह्रदय में आपके लिए कोई भावना नहीं है। वे आपको सामना बेचते हैं कि आप को मरते हुए देखें, जब तक उन्हें पैसा मिलता है।

47 जैसे राजनीति और युद्ध। युद्ध में विश्वास ना करें। विश्वास ना करे कि हम लोगों को कभी युद्ध करना पड़े।

मैं महान राज्य में जो परमेश्वर ला रहा है विश्वास करता हूं, एक महान सभ्यता जो उसकी अपनी प्रभुता में नीचे लाई जायेगी; तब वहां फिर युद्ध ना होगा। राष्ट्र, राष्ट्र के विरोध में भला ना उठाएगा। वे सब शांति में रहेंगे, अनंत शांति में।

48 इसलिए इस प्रकार की सभ्यता युद्ध को लेकर आती है। और हम जितने अधिक सभ्य होते हैं, इसकी अधीनता में, हममें अधिक युद्ध होते हैं। एक दूसरे से अधिक सभ्य होने का यत्न करता है, अधिक सभ्यता अधिक युद्ध करती है। समझे?

49 और देखिए क्या, इस सभ्यता में कि एक व्यक्ति ऐसी चीजें अधिक लाता है और ये केवल एक ही चीज करता है। ये केवल आपको धोखा देता है, कि आप और अधिक सिगरेट खरीदें। क्योंकि यदि मनुष्य सिगरेट पीता... और मैं विश्वास करता हूं कि यह शैतान का है, और मनुष्य में निकोटिन शैतान है, और या एक स्त्री में। और यदि एक सिगरेट निकोटीन के शैतान को तब तक संतुष्ट करें इतना तक वह आपको अकेला कर देगा और आपको एक सिगरेट के साथ ढूंढेगा। और फिर आप एक छलनी लेते हैं, उसके एक तिहाई धुये को ले। या वहां एक तिहाई निकोटिन उसमें से होकर, तो उस एक के स्थान पर तीन सिगरेट लेंगे, और आप तीन से एक को पीएंगे।

50 देखिए, यह केवल एक—एक योजना है, एक धोखा सिगरेट बेचने का यत्न की एक योजना। वे इस प्रकार से अधिक बेच सकते हैं बजाये कि व्यक्ति को ऐसे ही सिगरेट पीने दे तंबाकू अपने पाईप से पीए या उसकी सिगरेट। अब, देखिए, यह शैतान का है।

51 जैसे कि मैं वहां खड़े हुए देख रहा था, और सोचते हुए कि ये कितना धोखे से भरा हुआ था, मेरे पास प्रश्न आया। और मैंने पीछे की ओर घुमाया

और डिब्बी को फिर देखा, और मैं... ऐसा प्रतीत हुआ कि किसी चीज ने मुझसे कहा, "परन्तु नारा ठीक था, 'एक विचारशील मनुष्य की छलनी, एक सिगरेट पीने वाले व्यक्ति का स्वाद।'" ये मेरे पास आया यह धोखा पन इस स्वामिक वातावरण में भी जो तंबाकू में है, कुछ कलीसिया की आज की व्यवस्था में है, देखिए, एक धोखापन।

52 यहां तक यह आया कि समस्त संसार एक महान धोखा हो गया जो कि वास्तविक सत्य है और जो ठीक है। देखिए, यहां तक कि राजनीति, और सामाजिक मामले, विद्यालय में हर चीज में, यह धोखापन हो गया है।

53 उस दिन एक युवक मुझे बता रहा था कि वह एक सेना की छावनी में था, और एक युवा सिपाही के ऊपर से टेक निकल गया; उसके फेफड़े, उसका पेट या जो कुछ भी था, फट गया। और वे उसे अस्पताल को गए उसके तीन चार डॉक्टर पंक्ति में खड़े थे, और हर कोई पंक्ति में खड़ा था। और दो या तीन सिपाही अपने मित्र को पकड़े हुए थे, और वह कठिनाई से सांस ले सक रहा था... हर बार जब वह सांस लेता उसकी पसली उसके फेफड़ों में से लगती, और इससे उसको भीतर ही रक्तस्राव होता। और वे उस युवा पुरुष को पंक्ति में लिए खड़े थे, वहां पीछे–पीछे पंक्ति में, और उनमें से कुछ को कुछ नहीं सिवाय कान दर्द या कुछ, और आगे बढ़े।

54 और उस समय वह वहां पहुंचे, कोई कर्नल एक बालक के साथ लाया था, उसके उस छोटे लड़के या लड़की को पित्ती थी उसके हाथों पर। और उन्होंने वह पंक्ति रोक दी, कि कर्नल के बालक को भीतर ले जाए, और यह लड़का कटा पड़ा था, मर रहा था। आप वहीं पर है।

55 ओह, यदि इस कर्नल में अपने भाई के प्रति सच्ची भावना होती वहां पंक्ति में, तो वह यह कहता, "यह बालक प्रतीक्षा कर सकता है। इस व्यक्ति को जल्दी लो, इसके लिए कुछ करो!"

56 परन्तु हर व्यक्ति अपना अधिकार दिखाना चाहता था। अब, ये सब से ऐने नहीं है, नहीं, ये सब ऐसे नहीं है। परन्तु ऐसे बहुत से है। इनमें से बहुत से इसी प्रकार के हैं। परन्तु मनुष्य केवल यह कि वह सोच रहा था, केवल अपने ही बालक के लिए जिसके हाथो पर पित्ती थी, और इस बेचारे लड़के के लिए नहीं सोच रहा था जो खड़ा था टैंक के नीचे कुचल गया था, उसी टैंक और हो सकता है वही लड़का जो किसी दिन मोर्चे पर

उसके जीवन को बचा लेता। देखिए, वे सोचने के लिए नहीं रुकते; केवल अपने लिए।

"एक विचारशील मनुष्य की छलनी।"

57 मैंने इसे देखा, और मैंने सोचा, "यह कुछ आज के उस—उस नामधारियो के समान है वह कलीसियाये जो हमारी है।" उनका सब का अपना छन्ना है; उनका उनकी तरह की छन्नी है। वे जो चाहते हैं वही भीतर आता है, और जो वे नहीं चाहते जो; वे छान कर अंदर आने दे और बाहर रखे, अपने ही प्रकार की छन्नी। वे बस इतना ही संसार छन कर अंदर आने देते हैं कि अविश्वासी को संतुष्ट करें जो वहां है। वे उन्हें अंदर ले लेंगे कोई मतलब नहीं कि वे क्या है, यदि उनके पास पैसा है। वे उन्हें भीतर ले लेंगे कोई मतलब नहीं वह क्या है यदि वे लोकप्रिय है।

परन्तु इस विषय में एक बात है, आप परमेश्वर की कलीसिया में नहीं आ सकते इस प्रकार से; अब नामधारी नहीं, मेरा अर्थ, वास्तविक मूल परमेश्वर की कलीसिया में।

58 जैसे आज की तंबाकू की कंपनी जो लोग इनमें कहलाने वाली कलीसियाओ में या नामधारियों में आते हैं, वे उनका एक स्वाद है, और वह स्वाद संसार का आदर्श है। और प्रत्येक नामधारी की उनकी अपनी छन्नी है, और वे सच्चे मसीहो को छान देते हैं जो "आमीन" कहेंगे जब वह प्रचार कर रहा था; और उन बाल कटी रंगे चेहरे ईजाबेल को जो राष्ट्र हमें है ला रहा था, जब तक वे लोकप्रिय है। "*अमुक–अमुक* हमारे यहां आता है... एक सिने कलाकार एक महान व्यक्ति।" इस प्रकार की छन्नी वे लोग प्रयोग करते हैं। "हमारी नामधारी *अमुक–अमुक* अध्यक्ष या—या कर्नल और कोई हमारे नामधारी संस्था से संबंधित है।" देखिए किस प्रकार की छन्नी वे प्रयोग करते हैं? यह छन्नी, वास्तव में संसार की है, संसार के लोग।

59 लोग, जानते हैं कि वे क्या चाहते हैं। इसलिए यदि जो वे चाहते हैं, तो फिर उन्हें विशेष प्रकार की एक छन्नी चाहिए, और उसमें से संसार की बहुत सारी बातें, कि उनके सांसारिक स्वाद को संतुष्ट करें। "एक विचारशील मनुष्य की छन्नी एक सिगरेट पीने वाले का स्वाद।" एक धार्मिक संसार की छन्नी, और सांसारिक मनुष्य का स्वाद।

60 वे धार्मिक होना चाहते हैं। वे सोचते हैं उन्हें धार्मिक होना चाहिए, क्योंकि उनके पास प्राण है।

61 जब हम पहले इस देश में आए, आपने इन्डियनस को सूर्य की पूजा करते हुए आया, और आदि–आदि, क्योंकि (क्यों?) वह एक मनुष्य है। हम वहां अफ्रीका के दूर जंगलों में गए, हमने गांव वासियों को किसी चीज की आराधना करते हुए पाया। क्यों? वे लोग मनुष्य हैं और वे चाहते हैं कि आराधना करनी चाहिए।

62 इसलिए मनुष्य जाति कोई मतलब नहीं कितना गिरा हुआ है, वह फिर भी जानता है कि कहीं कोई चीज है। परन्तु उसको संसार का ऐसा स्वाद है, कि वह सही छन्नी नहीं ले सकता। उसे अपनी स्वयं की बनाई हुई छन्नी लेनी है। हर एक अपने ही प्रकार की छन्नी बना रहा है।

63 हर सिगरेट की कंपनी अपनी डिंग मारती है, कि वे क्या कर सकते हैं, "एक वास्तविक छन्नी! ये सबसे अच्छी छन्नी है! ऊपर सामने!" और सब उसे पसंद करते हैं, कहा, "स्वाद आता है," या कुछ, "और सामने से।" ओह, भलाई के लिए "सामने से"? इसके अंत में पीछे क्या है? निश्चय ही विचारशील मनुष्य का नहीं या एक विचारशील स्त्री। परन्तु वे सही कहते हैं, बस लोगों को धोखा दे रहे हैं।

64 अब हम पाते हैं. अपने दिनों में, लोगों के पास एक स्वाद था। और क्यों लोग सिगरेट पीते थे? स्वाद को संतुष्ट करने के लिए। स्त्रियां क्यों सिगरेट पीती थी? स्वाद को संतुष्ट करने के लिए।

65 और फिर यदि कलीसिया इसे चित्रित करे, एक धर्मिक झुण्ड वे... लोगों को भीतर लाने को, उन्हें एक विशेष प्रकार की छन्नी चाहिये कि लोगों को वह स्वाद दे जो वे चाहते हैं। इसलिए यदि वे कोई स्वाद जो वे चाहते हैं, वे सिगरेट नहीं चाहते। और यदि वे उस स्वाद को नहीं पा सकते जो वे धर्म में चाहते हैं, तो वे धर्म को नहीं लेते। अब, यह उतना ही स्पष्ट है जितना हो सकता है।

66 स्त्रियां छोटे कपड़ों में, कटे बाल, रंगी हुए चेहरे, कामुक वस्त्र वे ये चाहते हैं। इसे वे प्रेम करते हैं।

67 जैसा कि मैंने इस प्रात: कहा और बीते रविवार की प्रात: उस पहिये पर, जो पहिये के भीतर है, या भीतर का छोटा प्राण जो आत्मा के भीतर है। बाहर की आत्मा कैसी है प्राण और शरीर के बीच में, पूरी रीती से

पवित्र आत्मा से अभिषिक्त हो सकता है। क्या आप सब समझ गए? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

68 अब इस संदेश की निरंतरता में इसका अनुकरण करते हुए। *इस संसार का परमेश्वर, अंतिम दिनों में अभिषिक्त किए हुए।* वह बाहर से वह बीच का घेरा... पहला चक्र मनुष्य की चेतनाये। दूसरा चक्र आत्मा की चेतनाये; इच्छा, स्वयं की इच्छा, चाहत, और आदि–आदि। परन्तु भीतर प्राण है; वह प्राण जो पहले से ठहराया हुआ है।

इसलिए वे इस आत्मा का अभिषेक कर सकते कि बाहरी शरीर भीतर आ जाए, आत्मा के अधीन। "परन्तु जो प्राण पाप करता है, वह प्राण मरेगा।" वह प्राण जो अविश्वास को स्वीकार करता है, परमेश्वर का वचन जो कि उस प्राण का भाग है अनंत रहेगा... सदा तक।

69 मैं अनंत मृत्यू में विश्वास करता हूं, वैसे ही जैसे मैं अनंत स्वर्ग में विश्वास करता हूं, परन्तु अनंत नरक नहीं। अनंत नरक जैसी कोई चीज नहीं है। लोगों के लिए अनंत मृत्यु है जो... उनमें बहुत से धार्मिक है, संसार में, जो सदा से मरे हुए थे।

70 "स्त्री को सुख विलास में जीवित है," अपने कटे हुए बालों के साथ और रंगे हुए चेहरे, "वह जीते जी मरी हुई है।" बाईबल ने ऐसा कहा। समझे? देखिए, वह धार्मिक हो सकती है, परन्तु वह कभी भी बची हुई नहीं है। उसके पास ये बाहरी व्यवहार है। वह गायन मंडली में गा सकती है, या वह आत्मा में नाच सकती है। वह भाषाओं में बोल सकती है, और आत्मा के सारे प्रगटीकारण हो सकते हैं। परन्तु जब तक वह प्राण भीतर नहीं परमेश्वर कि पुत्री है, देखिए, वह गयी, कोई मतलब नहीं वह क्या करती है।

71 इस्राएल बाहरी ओर से आत्मिक था, सब परमेश्वर की भलाई से भरे हुए थे, और कैसे वे परमेश्वर में श्रद्धा रखते और आदि–आदि, परन्तु इससे काम नहीं चलता। परन्तु उनका भीतरी वचन को स्वयं नहीं पहचान सकता।

72 परन्तु जब आप परमेश्वर के आत्मा से जन्म लेते हैं, तब आपके पास... आप परमेश्वर के पुत्र हैं, और आप सदा से परमेश्वर के पुत्र थे, और आप सदा परमेश्वर के पुत्र रहेंगे। इसे अलग करने का कोई साधन नहीं क्योंकि यह... आपके पास अनंत जीवन है। अनंत कभी आरंभ नहीं होता, ना ही कभी अंत होता है।

73 ओह परमेश्वर के अनुग्रह के लिए, कि वह हमें ऐसे महान भेदो के लिए समझ देगा! जैसा पौलूस ने यहां कहा, आगे नीचे इफिसियो में, पति और पत्नीयों के लिए बोल रहा है, और कहा, "यह एक भेद है," कैसे स्त्री को अपने पति के सम्मान करना चाहिए। यहां तक कि दूसरा स्थान मैं विश्वास करता हूं कि यह समस्त बाईबल है, जहां सम्मान के लिए बोला गया है। कहा, "स्त्रियां देखें कि अपने पति का आदर करें पति का आदर करें।" तब पति को अपने पत्नी के सामने ऐसा जीवन जीना चाहिए कि उसकी पत्नी उसका सम्मान करें कि परमेश्वर का पुत्र है। और यदि वह इस प्रकार का जीवन नहीं जीता, तो फिर ठीक है, वह उसका सम्मान ना करें, क्योंकि वह जानती है वह... किस चीज का बना है। परन्तु जब वह पुरुष मनुष्य है वह आदर युक्त पुरुष है, आदर युक्त और साफ, अपनी पत्नी के साथ और अपने परिवार के सामने, परमेश्वर का वास्तविक दास, तब स्त्रियां बालक, और सबको परमेश्वर के दास का सम्मान करना चाहिए, श्रद्धा के साथ।

74 अब ध्यान दें, स्त्री के बाल कटाना चाहती है। वे छोटे वस्त्र पहनना चाहती है, रंग, श्रृंगार। ये छोटे स्नान वस्त्र और चीजें जो वे—वे आज कल पहनती है, वे ये करना चाहती है; और फिर भी वे कलीसिया में जाना चाहती है। आप आत्मा पर अभिषेक देखें, प्राण पर नहीं। समझे?

75 कहा मसीही होना चाहते हो और वे चीजें भी करना चाहते हो, और सेवक कहता है ठीक है सब। तब यदि वह कहता ये ठीक है, "आप सदस्य हो सकते है आपका नाम मेरी कलीसिया की किताब में हो सकता है; ठीक है," तो वह उसे उसके नामधारी की छन्नी दे रहा है जो सांसारिक स्त्री स्वाद का है। वह संसार से प्रेम करती है, वह इसके स्वाद को पसंद करती है। इसलिए उसके पास उसके लिए छन्नी है, परन्तू वह विचारशील महिला से बहुत दूर है। परन्तू आप वही है। जहां से मुझे ये मूल पाठ मिला है।

76 नहीं, वह एक—एक विचारशील स्त्री नहीं है। यदि वह विचार कर रही थी, तो वह जानती कि कलीसिया अंतिम दिन उसका न्याय करने नहीं जा रही है। अब कलीसिया उसका न्याय सदस्यता पर कर रही है, उसकी इमानदारी उसके आसपास जिनसे वह संबंधित है और वह समाज। वे इसके द्वारा उसका न्याय कर रहे हैं। परन्तु परमेश्वर उसका न्याय अंतिम दिन करने जा रहा है। इसलिए वह नहीं सोच रही है।

77 जैसे वह व्यक्ति जो धूम्रपान कर रहा है; वह अपनी सिगरेट को इतना प्रेम करता है कि जब तक कि उसकी विचार करने कि क्षमता निकोटीन से सुन्न ना हो जाए। और स्त्री की इच्छाये उसके विचार की क्षमताओं को इतना सुन्न कर दिया जब तक वह ये नहीं कर लेती जो कि प्रभु की दृष्टि में दुष्ट बातें हैं, क्योंकि वह यह करना चाहती है; यह सांसारिक स्त्री के स्वाद को संतुष्ट करता है। इसलिए वह सांसारिक कलीसिया कि छन्नी लेती है; वह इसमें होकर निकलती है, अच्छी, परेशानी कुछ नहीं दिखाता है...

78 अब हम देखते हैं कि यह सत्य है। और पादरी कहता है, "ये ठीक है। ये करने के लिए हम स्त्रियो को दोषी नहीं ठहराते। ये ठीक है।" इसमें पर्याप्त पाप है; जो कि उसकी छन्नी में से होकर है। दर्शाता है कि वे धर्म विज्ञान कि छन्नी में से होकर निकले हैं। और उनके पास धर्म ज्ञानी स्वाद है, और उनके पास धर्म ज्ञानी स्वाद था। परन्तू ये निश्चित है कि वे परमेश्वर कि छन्नी में से नहीं निकले। नहीं, श्रीमान।

79 अब, यदि वहां धर्म ज्ञानी छन्नी धर्म ज्ञानी विचारों के लिये है, और कलीसियायी छन्नी कलीसिया के विचारको के लिए है, सिगरेट की छन्नी सिगरेट विचारको के लिए है, कहीं तो वह वास्तविक छन्नी है वास्तविक विचार वाले के लिए। और परमेश्वर के पास एक छन्नी है, और वह उसका वचन है। ये अलग करने वाला है, क्योंकि यह जल अलग करने वाला जल पाप के लिए। अब, यह विचारशील मनुष्य था पवित्र पुरुष का स्वाद है।

80 और यदि मनुष्य इस प्रकार के संसार की छन्नी में से निकलता है, तो उसका—उसका स्वाद सांसारिक है। और तंबाकू की कंपनी के समान, उसके पास कलीसिया में अधिक सदस्य हैं उनको इस छलनी में से ढकेलने के द्वारा। यदि वे कहते हैं कि, "पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियां अधिक कलीसिया में जाती है।" ऐसा संभव है। अब यह सत्य हो सकता है, जब वह जा सकती है जो वह चाहे करें। ये ठीक बात है। वह करेगी, वह किसी चीज की भी सदस्य बनेगी, परन्तु वह उस कलीसिया छन्नी से निकली। यदि वह परमेश्वर की छलनी से निकलती, तो वह उसमें से निकलने के बाद भिन्न होती। समझे? वह परमेश्वर की छन्नी से नहीं जा सकी और बाल कटी निकली। वह इसे नहीं कर सकती।

81 अब यह संभव है थोड़ा कुछ—कुछ कड़वा हो किसी के लिए। परन्तु जब वह परमेश्वर की छन्नी से आरंभ करती है, और उसमें यह कहता है,

उनके लिए कि बाल ना कटे, तब (क्या?) वह दूसरी ओर ठहर जाती है। यदि यह कहा गया कि ऐसा करना स्त्री के लिए पाप है, और ऐसा करना अपमानजनक है।

"यदि वह चाहती है," वह कहता है, "ठीक है, उसे अपने बाल काटे हैं।"

कहा, तो फिर, "वह गंजी हो जाए।" और कहा, "हम जानते हैं कि यह स्त्री के लिये लज्ञा है कि वह गंजी हो।" कहा, "तो फिर वह अपना सिर ढांक कर रखें।" और उसके बाल उसकी ओढनी है; ना कि टोपी, महिला वाली। उसके बाद उसकी ओढ़नी है बाईबल ने कहा। ठीक है। दर्शाता है कि वह प्रभु के लिए नजीर है। स्त्री के लिए लंबे बाल का अर्थ है, प्रभु के लिए नजीर है। अब, हम पाते हैं कि यह सत्य है।

82 परन्तु हम पाते हैं विचारशील पुरुष, जो संसार में नाम का कहलाता है, धूम्रपान कर सकता है, और फिर भी अपना स्वाद लेता है, उसके पास इतनी चेतना होनी चाहिए कि जाने कि वह तंबाकू से टार ले रहा है। परन्तु केवल, जो उसने किया कि उसे और बेचे, और उससे और सिगरेट खरीदवाये।

83 और कलीसिया की छन्नी सदस्यता लेती है और इस प्रकार कि बातें तब जब वह उन्हें किसी भी चीज में से निकालता हैं और तब भी कलीसिया से संबंधित है, वे अधिक सदस्य पाते हैं। क्या है यदि हम आज रात्रि कलीसियाओ में जाते हैं और उन सब का छान देते हैं सिवाये जो वास्तविक वचन से जन्मे मसीही है। बहुत से खाली उपदेश दीवार के विरोध में आज रात्रि होंगे, यह सत्य है, क्योंकि ये छन्नी से होकर निकले।

84 और यदि मेरे ह्रदय में एक इच्छा है, और मैं आशा करता हूं कि प्रत्येक मुझे सुन रहा है एक ही बात है फिर, "परमेश्वर, मुझे अपनी छन्नी से निकाल।" जैसे दाऊद कहता है, "मुझे जांच, और परख और देख यदि मुझ में कोई दृष्टता हो, तो प्रभु उसे निकाल दे।" समझे? मैं परमेश्वर की छलनी चाहता हूं, चिंता नहीं करता कि संसार क्या करता है, कलीसिया में क्या है; मैं विचारशील मनुष्य होना चाहता हूं, सोचता हूं कौन जिसके सामने मैं किसी एक दिन खड़ा होने जा रहा हूं, न्याय के लिए।

85 ध्यान दें, तंबाकू कंपनी ये करती है कि अधिक सिगरेट बेचे; कलीसिया इसे अधिक सदस्य पाने को करती है। एक स्त्री कटे बालों के साथ, छोटे

वस्त्र परमेश्वर की छन्नी में पकड़ जायेगे। वह इसमें से नहीं निकल सकी छोटे बालों के साथ, क्योंकि बाईबल ने कहा उसे ये नहीं करना चाहिए। वह अपने सिर का अपमान करती है जब वह यह करती है। हमें यह मालूम होना चाहिए। परन्तु वह कलीसिया में जाती है ठीक है, वे बाकी भी। कभी–कभी मैं खड़ा होता हूं...

86 किसी के अपमान के लिए नहीं; मैं किसी भी व्यक्ति के लिये व्यक्तिगत नहीं बोलता, परन्तु कलीसिया में यह पाप है। इसमें आप मेरे गवाह है। मैंने यह नहीं कहा, "कुमारी *अमूक–अमूक* और *अमूक–अमूक* है या श्री. *अमूक–अमूक* या आदरणीय *अमूक–अमूक, अमूक–अमूक* है।" नहीं, श्रीमान। मैं कहता हूं पाप पाप है। यदि यह मेरे परिवार में है या मुझ में है, यह जिस किसी में है, यह तब भी पाप है। ना कि एक व्यक्तिगत, मैं व्यक्ति के विरोध में नहीं बोलता। मैं पाप के विरोध में बोलता हूं। मैं चिंता नहीं करता यदि यह मुझ में है या ये जो भी है, परमेश्वर की छन्नी से आरंभ करें, कोई भी पाप आपको वहां रोक देगा।

87 ध्यान दें। लेकिन जो स्त्री छोटे–छोटे बाल और छोटे कपड़े, या रंग और कोई चीज चाहती है, वह पेंटीकोस्टल छन्नी से जा सकती है वैसे ही सरलता से जैसे पतली खिचड़ी, इस विषय में कुछ नहीं, सीधी मृत्यु में। क्योंकि, वह... वह कहती है, "अरे इसमें कोई हानि नहीं है।"

"यदि आप संसार से प्रेम करते हैं, या संसार की चीजों से ये इसलिए क्योंकि परमेश्वर का प्रेम आपके अंदर है ही नहीं।"

88 इस आत्मा में, तब, वह अपने प्राण में अंदर खेच सकती है, वह चीजें जो परमेश्वर की नहीं और परमेश्वर के वचन के विरोध में है, यदि यह स्वाद प्राण में है। यह स्वाद के द्वारा आ सकता है; *देखना, स्वाद*... यह *सोचने* के द्वारा आ सकता है, *तर्क* के द्वारा "इसमें कोई हानि नहीं। मेरे पास स्वाद है। मेरी भावनाएं है। मेरे अंदर भावना है यह ठीक बात है।" वह इसके द्वारा आ सकती है, और सीधे उसके प्राण में, यदि उसका प्राण इस प्रकार का है। दर्शाता है कि वह परमेश्वर की छन्नी में से होकर पार नहीं हुई।

परन्तु यदि उसके बाल कटे हुए हैं, श्रृंगार किए हुए हैं, छोटे–छोटे कपड़े, पेन्टे, पुरुषों जैसी दिखती है, ये सारे चुस्त पजामे और जो भी वे उन्हे कहते हैं; मतलब उस प्रकार की चीजें, और वे चीजें कर रहे हैं, और

संसार के लिए जी रहे हैं, वह रुक जाएगी; वह उसमें से नहीं निकल सकती। नहीं, श्रीमान। यह इसे आरंभ में ही रोक देगा।

89 ध्यान दें, एक पुरुष उसके सुंदर लाल होठो को और रंगे हुए चेहरे को देख रहा है, और—और छोटे कपड़े और जांगिए, और जो भी उसके पास है; एक वास्तविक विचारशील पुरुष उसको नहीं देखेगा। अब, एक पुरुष जो कलीसिया का सदस्य है उसे देखेगा, और सरहाना करेगा। परन्तु मैं चिंता नहीं करता कि वह आंखों से कैसी दिखती है, विचार करने वाला पुरुष अपना सिर घुमा लेगा। क्यों? वह परमेश्वर की छलनी से निकला हुआ है, उसे देखकर वह जान लेता है जो व्यभिचार उसके ह्रदय के अंदर है। वह नहीं सोचता कि वह सुंदर है।

कहते हैं, "क्या वह सुंदर नहीं है!"

उसके लिए नहीं है। वह गंदी दिखने वाली, बेचारी ईजाबेल, अभागी, एक विचार करने वाले पुरुष के लिए। परमेश्वर का पुत्र उसे लज्जा से देखता है वह भी एक परिवार से है वह भी है। यह ठीक बात है। "वह कैसे मेरी बहन हो सकती है और ऐसा व्यवहार करें? "

90 वह एक छन्नी से निकली है, और वह दूसरी छन्नी से निकला है। वह नहीं सोचता है कि वह सुंदर है बिल्कुल नहीं। परमेश्वर के वास्तविक पुरुष के लिए यह सुंदरता नहीं है।

91 स्मरण करें, एक बार इसके पहले यीशु मसीह का लहू छन्नी हो जाए, जैसे कि हम कुछ मिनटों में उसमें जाएंगे, "परमेश्वर के पुत्रों ने मनुष्य की पुत्रियों को देखा कि वे सुंदर है, और उनसे विवाह कर लिया।" परमेश्वर ने इसे कभी क्षमा नहीं किया। यह फिर घटित हुआ इस्त्राईल की यात्रा में, और परमेश्वर ने उन्हें कभी क्षमा नहीं किया। उनमें से हर एक नाश हो गया।

एक विचारशील मनुष्य की छलनी!

मैं एक सभा से बाहर निकला; वहां एक रात्रि आराधनालय के पीछे एक आवारा खड़ा था, मुझसे बोला, लगभग तीन या चार वर्षों पहले, कहा, "जिस कारण आप यह कहते हैं, कि आप एक बूढ़े मनुष्य है।" कहा, "मैं सोचता हूं वे अच्छी दिखती है।"

मैंने कहा, "मैं इसकी कल्पना कर सकता हूं।" उसकी एक झलक देखने से, आप बता सकते हैं वह कैसा दिखता था। मैंने कहा, "मैं आपको कुछ बता दू। आपकी क्या आयु है? "

"लगभग 30 वर्ष का।"

92 मैंने कहा, "जब मैं आपसे पंद्रह वर्ष छोटा था, मैंने यही सोचा।" ठीक है। और यह अब भी गंदा है!

93 एक विचारशील मनुष्य की छलनी! अब ध्यान दें, यदि उसका मस्तिष्क परमेश्वर के वचन से परमेश्वर की छलनी से छना होता, वो वह उसे नहीं देखता। वह नहीं सोचेगा कि वह सुंदर है; वह सोचेगा वह इजाबेल है। वह सोचेगा, उन लाल होठों के पीछे जहरीले दांत है जो उसको डंक मारेंगे। और बाईबल ने कहा, "उसके फाटक नरक के फाटक है; और पुरुष उसके पास जाता है जैसे बैल कसाई के साथ।" वहां विचारशील मनुष्य की छलनी है।

94 आपकी क्या इच्छा है? जब स्त्री इस प्रकार के वस्त्रों के साथ सड़क पर आती है, और पुरुष अपना सिर घुमा लेते हैं, इधर–उधर ताकने लगते हैं, तो आप विचार करने वाली छन्नी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। क्योंकि, जब आप ये करते हैं, आप व्यभिचार करते हैं, क्योंकि छन्नी ने कहा, "जो स्त्री पर कुदृष्टि डालता है वह उसके व्यभिचार कर चुका।" सोचने वाले मनुष्य अपना सिर घुमा ले। उससे अलग हो जा। वह सुंदर नहीं है। वह सर्प है; यह ठीक बात है, एक के समान बल खाती, एक के समान व्यवहार करती, एक के समान डंक मारती है। उससे अलग रहो।

95 ओह, हां, परमेश्वर का वचन विचार करने वाले मनुष्य की छलनी है। कोई भी यह जानता है। यही जहां आपका प्राण छाना गया है, परमेश्वर का वचन। और यह बनाता है, जब आप परमेश्वर में से होकर आते हैं... जब एक विचारशील मनुष्य परमेश्वर की छलनी से होकर निकलता है, तो यह उसे पवित्र मनुष्य का स्वाद देता है। यह ठीक बात है। जब आप परमेश्वर की छन्नी से निकलते हैं, तब आपका स्वाद पवित्र मनुष्य का होता है। ये धार्मिक मनुष्य का स्वाद देता है। ये नारा निश्चय ही ठीक है।

96 अब हम पाते हैं कि ये कैसे इस्राएल में, प्रतीक में किया गया, केवल इस्राएल की मंडली के लिए। यही कारण है, अब यह बोल रहा हूं, यदि सेवक गण किसी बात पर असहमत हो जो कहा गया; यह मेरी अपनी मंडली के लिए है जिसे प्रभु ने मुझे प्रचार करने के लिए—के लिए दिया है।

97 ध्यान दें निर्गमन 19, मैं कहता हूं जब आप घर जाए तो इसे पढ़े, जब आपके पास अधिक समय हो। ध्यान दें, जब इस्राएल ने पाप किया, पहले

उन्होंने लाल बछिया ली जिस पर कभी भी जूआ नहीं रखा गया। इसका अर्थ वह किसी के साथ कभी नहीं जुती।

98 और उसे लाल ही होना है। लाल रंग एक—एक छुटकारे का रंग है। आप जानते विज्ञान जानता है यदि आप लाल है और लाल में से लाल, ये सफ़ेद है। देखें लाल पर से लाल को, यह सफेद है। यह प्रभु यीशु के लाल लहू में से देखता है, और हमारे लाल पाप बर्फ के समान श्वेत हो जाते हैं; लाल में से लाल।

और लाल बछिया सांझ के समय मारी गई इस्राएल की समस्त मंडली के द्वारा।

और उसके लहू के द्वारा दरवाजे पर सात लाल धारियां डाली गई जहां से सारी मंडली को प्रवेश करना था; सात कलीसियायी कालो का प्रतीक, लहू के द्वारा।

99 और फिर उसकी देह को लेकर जलाया गया। यह खुर समेत जलाया गया यह खुर समेत जलाया गया, खाल के साथ, अंतड़ियो के साथ गोबर के साथ। हर चीज एक साथ जलाई गई।

और पवित्र मनुष्य के द्वारा एकत्र की गई, और पवित्र स्थान में रखना था, मंडली से बाहर। इसलिए, यदि इस्राएल केवल प्रतीक देख सका! यह परमेश्वर का वचन अविश्वास के गंदे हाथों से ना व्यवहार किया जाए। इसे तो शुद्ध मनुष्य ही होना चाहिए। और यदि वह शुद्ध है, तो उसे परमेश्वर की छलनी से होकर निकलना है।

एक शुद्ध मनुष्य, शुद्ध हाथ, और शुद्ध स्थान में रखना है; ना कि स्थान में जहां इजाबेल और आवारा हर वहां हिस्सा ले; और प्रभु भोज ले और आदि–आदि, जबकि वे औरतों और पुरुषों के साथ घूम रहे हो, और सब प्रकार की गंदगी; नाच के लिए जा रहे हैं और दावते और कटे हुए बाल और छोटे–छोटे कपड़े, हर चीज और स्वयं को मसीही कहते हैं। इसे शुद्ध स्थान में रखना है, और शुद्ध हाथों का प्रयोग।

100 और जब इस्राएल ने पाप किया, और जाना कि उन्होंने गलत किया, तो उन पर बछिया की राख छिडकी गई, उनके ऊपर। और वह अलग करने का जल था, एक पवित्रीकरण पापों के लिए।

101 ध्यान दें। ये यहां है! और जब इस्राएल इसके पहले कि वह आराधना की संगति में आ सके, उन्हें पहले अलगाव के जल में से होकर निकलना था। "विश्वास के द्वारा न्यायोचित; सुनने में आता है, वचन के सुनने से।"

तब वे लहू की सात धारियों के नीचे से होकर मंडली में, प्रवेश हुए दिखाते हुए कि कुछ मर गया और उनके सामने आए, अपने पापों के लिए। वे वचन के सुनने के द्वारा अलग किए गए, अलगाव का जल, फिर संगति में प्रवेश किया।

102 केवल स्थान, कि परमेश्वर मनुष्य से मिलता है, इस व्यवस्था के पीछे था। वह उससे कहीं और नहीं मिलेगा। उसे इस व्यवस्था के पीछे आना है। परमेश्वर इस्राएल से केवल एक स्थान में मिला।

और आज परमेश्वर आपसे केवल एक स्थान में मिलता है, और वह यीशु मसीह; और वह वचन है, अलग करने का जल। और उसका लहू सारी सात कलीसियायी युगों के लिए बहाया गया। और फिर, पवित्र आत्मा के द्वारा, हम उस संगति में प्रवेश करते हैं, जो कि केवल कलीसिया को दिया गया है। ओह, वह कितना महान है!

103 अब हम इफिसियो 5:26 को भी देखना चाहते हैं, कहा, "यह वचन के जल के द्वारा होना," अलगाव को जल। यह क्या करता है? फिर परमेश्वर की छन्नी वचन है। अलग करने वाला जल, "जल से धोना, अलगाव के, वचन के द्वारा," परमेश्वर की छन्नी।

104 तो फिर आप मसीह में कलीसिया की छन्नी के द्वारा नहीं आ सकते। आप नामधारी छलनी या मतसार की छन्नी से नहीं आ सकते। केवल एक ही छलनी है, जिससे आप पवित्र स्थान में प्रवेश कर सकते हैं, वह "वचन के जल से घुलने के द्वारा।" परमेश्वर का वचन विचारशील मनुष्य की छलनी है।

105 कलीसिया आपका यहां न्याय करेगी कि आप अच्छे सदस्य हैं या नहीं। वे आपकी अच्छी अन्तेष्टि करेंगे, आपकी मृत्यु पर आधा झण्डा चढ़ाएंगे, फूलों की बड़ी सी माला और—और आपके लिए सब कुछ किया। परन्तु जब ये आता है कि आपका प्राण परमेश्वर का सामना करें, इसके वास अनंत जीवन होना ही चाहिए। और यदि यह अनंत जीवन है, तो यह वचन का भाग है। और जैसे कि मैं अपने वचन का इन्कार नहीं कर सकता...

मेरा अपना हाथ मेरे हाथ का इन्कार नहीं कर सकता। मेरी अपनी आंख मेरे हाथ या मेरे पैर या मेरे पंजे, या मेरे किसी भाग का इन्कार नहीं कर सकता। वे इसे मना नहीं कर सकते।

और ना ही एक मनुष्य जो परमेश्वर के वचन का भाग है, या एक स्त्री, परमेश्वर के वचन के भाग का इन्कार कर सकते हैं। तब स्त्रियां जब आप सोचती है कि आप बाल कटा सकती है और परमेश्वर की उपस्थिति में आती है, आप गलत है। आप इसे समझते हैं? आप गलत हैं; आप परमेश्वर की छन्नी से निकल ही नहीं सकते जहां आप वचन के जल के द्वारा धुले हैं। तब आप संगति में प्रवेश करते हैं। आप सोचते हैं कि आप, आप नहीं हो सकते जब तक आप वचन में से होकर नहीं आते, और प्रत्येक छोटा बिंदु, परमेश्वर का हर छोटा वचन। "मनुष्य केवल रोटी ही से नहीं जीवित रहेगा, परन्तु हर वचन के द्वारा।" इसे उस छलनी से होकर आना है, उसमें होकर आ रहे हैं। और ये धर्मी का स्वाद देता है, क्योंकि वह इसे ही ढूंढ रहा है, किसी चीज को ढूंढ रहा है कि उसे शुद्ध करें।

106 वचन, परमेश्वर का वचन विचारशील मनुष्य की छन्नी है, और ये धार्मिक मनुष्य का स्वाद बनाता है। हम जानते हैं कि ये सत्य है; अविश्वास के सारे पापों को छानता है। अब कोई अविश्वास नहीं जब आप छलनी से होकर आते हैं, क्योंकि ये सच्चे विश्वासी का स्वाद है।

107 सच्चा विश्वास चाहे, जो हो ठीक होना चाहता है। वह यह नहीं कहना चाहता, "मैं समाज के उस स्तर से हूं। मैं उस कलीसिया से हूं, जो नगर की सबसे बड़ी कलीसिया है।" मैं चिंता नहीं करता यदि ये कोने में कोई उद्देश है, यदि यह कहीं उथला बंदरगाह है, एक विचार करने वाला व्यक्ति जानता है कि उसे परमेश्वर से भेंट करनी है। परवाह नहीं कलीसिया क्या करती है, या कोई और क्या करता है, वह परमेश्वर की शर्तों पर आता है। और परमेश्वर की शर्त उसका वचन है।

"अच्छा," वे कहते है, "'परमेश्वर का वचन।'"

निश्चय ही सब ये विश्वास करते हैं कि यह परमेश्वर का वचन है, परन्तु क्या आप इसमें से छनकर पार हो सकते हैं? आप कैसे बाल कटी स्त्री को इससे पार कर सकेंगे? आप यह कैसे करना जारी करने जा रहे हैं? आप कैसे एक मनुष्य को इसमें से निकलने जा रहे हैं जो इस शिक्षा को पकड़े हुई नहीं है? समझे?

यह विचारशील मनुष्य का स्वाद नहीं है। नही। विचारशील मनुष्य सोचेगा विचारशील मनुष्य दो बार सोचेगा इसके पहले कि वह इस प्रकार कि चीज में छलांग लगाये।

108 ध्यान दें, वचन स्वयं अपना इनकार नहीं करेगा। तब यह संतुष्ट हो गया, या ये इसकी इच्छा है। ये किस चीज की इच्छा है? किसने आप में इच्छा उत्पन्न की पहले स्थान में? क्योंकि अंदर आपके प्राण में वहां पहले से ठहराया गया बीज था जो कि अनंत जीवन था, सदा से वहां पर था, सदा वहां पर था। "वह सब जो पिता ने मुझे दिया है वह मेरे पास आएगा। उनमें से कोई भी नहीं होएगा।"

109 सोचने वाले मनुष्य का स्वाद, जब विचारशील मनुष्य परमेश्वर का वचन सुनता है, "मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है, अपरिचित के पीछे वे नहीं चलेगी," क्योंकि वहां भीतर उनके जीवन है और जीवन, जीवन के साथ जुड़ता है।

पाप, पाप के साथ जुड़ता है, और पाप इतना ढोंगी होता है जब तक कि वह यह नहीं सोच लेता कि वह बच गया जबकि वह बचा हुआ नहीं होता। ये ढोंगपने की गहराई में होता है।

110 कलीसिया के सदस्य नामधारी छन्नी चाहता है ताकि वे अपनी इच्छा को पा सके और फिर भी "धार्मिक" लोगों कि श्रेणी में है। आप उन्हें कहते हुए सुने, "ओह, वह बहुत धर्मी है।"

111 अफ्रीका में, एक दिन मैं वहां था, और कुछ बच्चे इन चीजों के विषय में बात कर रहे थे, इन नाच गाने के गीतों के विषय में वह एलवीस प्रेस्ली और वे गा रहे थे, पैट बून और जो भी थे, रिक्की नेल्सन वह सारे दूसरे । मैंने कहा, "यह आवारा लोगों का झुंड है।"

किसी छोटी लड़की ने कहा, "क्यों, यह बहुत धार्मिक है।"

112 मैंने कहा, "ऐसा ही यहूदा था।" मैंने कहा, "यहूदा को केवल चांदी के तीस सिक्के मिले; एलविस प्रेसले को बहुत लाखों डॉलर मिले।" समझे? "इन दोनों ने अपना जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया।" समझे? मैंने कहा, "ये लोग... राष्ट्र का यह बहुत ही बुरा आभार है।" अब भी वैसे ही धोखा दे रहे हैं जैसे सिगरेट की छन्नी, ये नामधारी संस्थाएं उन सदस्यों को भीतर आने देते हैं। उन्हें तो चाहिए की... एक ऐसा कानून होना चाहिए कि वे

धार्मिक गाने ना गा सके। ये विरोध... यह कानून के विरोध में होना चाहिए कि ये ऐसा करें।

परन्तुकुल मिलाकर यह ढोंग का एक बहुत बड़ा ढेर बन गया है, और यही जहां आज ये लोग टिके हुए हैं। वो सच्ची... [टेप में खाली स्थान—सम्पा।] प्राण के लिए सच्ची छन्नी, कहता है, "यदि आप संसार या संसार की चीजों से प्रेम रखते हैं, तो परमेश्वर का प्रेम आप में है ही नहीं।"

113 देखिए, आप नहीं कर सकते—आप नहीं कह सकते कि रॉक–एन–रोल नाच संसार का है... याने परमेश्वर का है। रॉक– एन–रोल संसार का है। उनमें से कोई भी नृत्य और छन गया... बेकार गंदी चीजें बल्कि संसार की है। यह सब संसार का है।

आप नहीं कह सकते कि स्त्रियों के लिए कटे हुए बाल परमेश्वर के हैं। बाईबल कहती है यह नहीं है, इसलिए यह संसार की गंदगी है। और यदि आप संसार से थोड़ा प्रेम रखते हैं, तो परमेश्वर का प्रेम आप में है ही नहीं। समझे?

114 यह क्या था? तो, यह क्या खेच रहा है? यह कुछ भीतर ही भीतर खेच रहा है। प्राण आपके साधनों को बाहर होते हुए आत्मा से होते हुए भीतर प्राण में खींच रहे है। और यदि प्राण संसार से प्रेम करता है, तो यह मरा हुआ है। मैं चिंता नहीं करता यह कैसे अभिषिक्त हुआ है, यह *यहां* बाहर है यह *यहां* बाहर कितना धर्मी है *यहां* भीतर यह मरा हुआ है। "क्योंकि वह जो संसार से प्रेम करता है या संसार की चीजों से तो परमेश्वर का प्रेम उसमें है ही नहीं, " कोई मतलब नहीं कितना धर्मी है।

115 इस संसार से सच्ची छलनी इन सब चीजों को बाहर कर देगी—देगी परमेश्वर की सत्यता को छोड़ और कुछ भीतर नहीं लाती, वचन वास्तविक सच्चे प्राण में।

